**रक्षाबंधन पर्व मनाया** ▶ जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व, जेल में 166 बंदियों को बहनों ने बांधी राखी

# बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधी राखी





**अनूपपुर, नवभारत 9 अगस्त।** सावन पूर्णिमा का पावन पर्व रक्षाबंधन शनिवार को जिले में श्रद्धा, स्नेह और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में तैयारियां शुरू हो गईं। बहनों ने थाल सजाकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख, शांति व लंबी उम्र की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

बाजारों में रामलला वाली, पर्यावरण-हितैषी और हाथ से बनी डिजाइनर राखियों की सबसे अधिक मांग रही। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, जलाभिषेक और अनुष्ठान हुए। रामजानकी मंदिर सहित जिले के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान को भोग-प्रसाद और राखियां अर्पित कीं। मिठाई, कपड़े और उपहार की दुकानों पर दिनभर भीड़ रही।

### जेल में भावुक मुलाकात

जिला जेल में बंद कैदियों और हवालातियों की कलाई पर उनकी बहनों ने राखी बांधी। टोकन सिस्टम के जरिए सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक मुलाकात का समय तय किया गया था। सुरक्षा के विशेष इंतजामों के बीच 166 बंदियों को 623 बहनों ने राखी बांधी। इस दौरान भावुक माहौल में कई कैदियों की आंखें भर आईं। महिला बंदियों को भी उनके भाई राखी बांधने पहुंचे। कुछ लोगों ने रक्षाबंधन के अवसर पर गौशाला जाकर गायों को रक्षा सूत्र बांधा। यह परंपरा गायों को बुरी शक्तियों और बीमारियों से बचाने की मान्यता के साथ जुड़ी हुई है।

### त्यौहार की खूबसूरती

रक्षाबंधन के त्यौहार की खूबसूरती तब बढ़ जाती है जब हर उम्र की बहनें अपने भाई को राखी बांधती है, जिससे उनकी उम्र बढ़ जाती है। जो बहनें अपने भाई के पास नहीं पहुंच पाती वह लिफाफे में राखी रखकर डाक के माध्यम से राखी उन तक पहुंचाती हैं और जब वह राखी भाइयों के पास पहुंचती है तब उन भाइयों की आंखों से आंसू निकल आते हैं।

### रक्षाबंधन पर बाजारों में रहीं रौनक

कोतमा नगर में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। रक्षाबंधन त्यौहार के पूर्व बाजार में भीड़ बनी रही पूरा बाजार मिठाई की दुकानों, मिठाईयों रंग-बिरंगे कपड़ों एवं फुटकर दुकानों से सजा रहा, कोतमा नगर के सभी मार्गों में तरह-तरह की दुकानें सजाई गई बहने अपनी-अपनी पसंद की राखियां खरीदने दुकानों में पहुंची, रेशम की राखी, धागे वाली राखी और चांदी की राखियां भी दुकानों में सजाई गई भाई बहन का यह त्यौहार बड़े ही धूमधाम से पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है हर कलाई में राखी, माथे में टीका और नए परिधान से सभी सुसज्जित दिखे।




# आपदा पीड़ितों को राहत राशि अंतरित

**अनूपपुर, नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल से आयोजित प्राकृतिक आपदा राहत राशि वितरण कार्यक्रम के तहत अनूपपुर जिले के 117 हितग्राहियों को 57 लाख 14 हजार 300 रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया, जहां जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे। जिला स्तर पर कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप कुमार मोगरे सहित संबंधित अधिकारी एवं हितग्राही शामिल हुए।

# ट्रेन में बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुई मौत



**तीन दिन पहले गिरने से युवक को सिर में लगी थी चोट**

**अनूपपुर, नवभारत 9 अगस्त।** इंदौर में मजदूरी करने गए अनूपपुर जिले के 21 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब सिर में चोट लगने के बाद उपचार कराकर वह ट्रेन से घर लौट रहा था, लेकिन रास्ते में तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार जैतहरी थाना अंतर्गत खूंटाटोला निवासी घनश्याम सिंह पिता वेदभुवन सिंह मजदूरी करने इंदौर गया था। तीन दिन पहले वह अपने कमरे में गिर गया, जिससे उसके सिर में चोट आ गई। ठेकेदार की मदद से उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। शुक्रवार को छोटा भाई शिवराज सिंह और साथी रेवा सिंह के साथ इंदौर-बिलासपुर ट्रेन से घर लौटते समय अनूपपुर के पहले ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और सीने में दर्द होने लगा। तत्काल उसे अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर उतारकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। ड्यूटी डॉक्टर ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।



### पुलिस ने गांजा बरामद किया

**अनूपपुर, नवभारत 9 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूसरी एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में भालूमाड़ा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की। 8 अगस्त को थाना प्रभारी निरीक्षक संजय खलको के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वार्ड क्रमांक 9, पीली दफाई भालूमाड़ा में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी दिनेश मिश्रा के कब्जे से 0.838 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 8 हजार है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मवेशियों को पहनाई रेडियम बेल्ट

▶ **रामनगर पुलिस की सराहनीय पहल**

**न्यू राजनगर, नवभारत 9 अगस्त।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के चलते जहां एक ओर बेजुबान मवेशियों की जान पर खतरा मंडरा रहा था, वहीं दूसरी ओर वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने एक सराहनीय पहल करते हुए मवेशियों की सुरक्षा और सड़क पर चलने वालों की जान बचाने की दिशा में कदम उठाया है। थाना प्रभारी द्वारा झिरिया टोला तिराहा एवं डोला तिराहा पर सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को रेडियम बेल्ट बांधी गई, जिससे वे रात के समय भी दूर से दिखाई दे सकें। इस कदम का मुख्य उद्देश्य यह है कि अंधेरे में चल रहे वाहन चालकों को मवेशी स्पष्ट रूप से नज़र आएं और टकराव की संभावनाएं न के बराबर हो जाएं।



▶ **दुर्घटनाओं में आएगी कमी**

इस अभिनव प्रयास से न केवल मवेशियों की जान की रक्षा होगी, बल्कि वाहन दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। स्थानीय लोगों ने रामनगर पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक जन-हितैषी कदम बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य अन्य स्थानों पर भी किया जाना चाहिए ताकि सड़क सुरक्षा को और बेहतर बनाया जा सके।

# थाना परिसर में खोली गई लीगल एण्ड क्लीनिक

▶ **अब आम जनता को मिलेगी नि:शुल्क विधिक सहायता व सलाह**

**कोतमा,नवभारत 9 अगस्त।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा बनाए गए लीगल एण्ड क्लीनिक विनियम 2011 के प्रावधानों का पालन करते हुए आम जनता को न्याय तक सरल और सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के अधीन कोतमा थाना परिसर में लीगल एण्ड क्लीनिक का शुभारंभ किया गया।

शनिवार को थाना परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी रत्नमबर शुक्ला ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल लॉयर (पीएलबी) भगवानदास मिश्रा को विधिवत कुर्सी पर बिठाकर क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लीगल एड क्लीनिक की स्थापना से आमजन को निशुल्क विधिक सहायता एवं कानूनी सलाह आसानी से मिल सकेगी, जिससे गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के न्याय प्राप्त कर पाएंगे।



### यह पहल लाभदायक सिद्ध होगी : शुक्ला

थाना प्रभारी शुक्ला ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य के रूप में भगवानदास मिश्रा को कोतमा थाना में नियुक्त किया गया है, जो प्रतिदिन निर्धारित समय पर थाना परिसर में उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं को सुनेंगे और आवश्यक कानूनी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, क्योंकि कई बार लोग कानूनी जटिलताओं व खर्च के कारण न्यायिक प्रक्रिया से दूर रह जाते हैं।

▶ **कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित नहीं रहेगा : मिश्रा**

भगवानदास मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से आम जनता की सहायता करेंगे और हर संभव प्रयास करेंगे कि किसी भी व्यक्ति को न्याय से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या, विवाद या शंका की स्थिति में बेहिचक क्लीनिक से संपर्क करें। कार्यक्रम में थाना स्टाफ, स्थानीय नागरिक, समाजसेवी एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

## जनजातीय विश्वविद्यालय में काउंसिलिंग 13 से

**अमरकंटक ,नवभारत 9 अगस्त।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में दिनांक 13 से 14 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में पीजी में रिक्त सीटों हेतु ऑफलाइन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है इसके संबंध में रजिस्ट्रेशन हेतु पोर्टल दिनांक 9 तारीख से 14 तारीख तक खुला रहेगा संबंधित छात्र उक्त अवधि के भीतर अपना पंजीयन कर समस्त मूल दस्तावेजों के साथ विश्वविद्यालय परिसर में स्थित संबंधित विभाग में उपस्थित होकर अपनी प्रवेश संबंधी काउंसलिंग करा सकेंगे शेष विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igntu.ac.in में दिए गए हैं।



# खाताधारकों का किया गया बीमा पंजीयन

▶ **आमगवां में सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत शिविर आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 8 अगस्त।** ग्रामीण परिवारों को विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी देने और उनका लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम अमगंवा में शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर पीएम सामाजिक सुरक्षा अभियान के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जिला लीड प्रबंधक अजीत नांबियर के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में बैंक अधिकारी, कियोस्क प्रतिनिधि, आजीविका मिशन से बैंक सखी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीण परिवारों के बैंक खाताधारकों का बीमा पंजीयन शिविर स्थल पर ही किया गया। जिला समन्वयक, सतर्कता एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) के सदस्य हीरा सिंह श्याम ने ग्रामीणों को बीमा योजनाओं के लाभ और महत्व की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की।

**कार्यक्रम** ▶ बाल कलाकारों ने कृष्ण-राधा रूप में मनमोहक अभिनय किया, सावन के गीतों पर महिलाओं ने किया नृत्य

# सावन महोत्सव में महिलाओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**अनूपपुर, नवभारत 9 अगस्त।** सावन माह के अवसर पर शिव गौरा सावन महोत्सव द्वारा नगर के धनश्री पैलेस में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवानी हर्षल पंचोली, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रश्मि खरे ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिव आवाहन की प्रस्तुति पूनम पाण्डेय ने दी, वहीं बाल कलाकारों ने कृष्ण-राधा रूप में मनमोहक अभिनय किया। मैं बरसाने की छोरी पर मायरा के नृत्य ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। विवाह को अटूट बंधन की थीम पर नाट्य प्रस्तुति और सावन गीतों पर महिलाओं के नृत्य ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कवियित्री मीना सिंह ने अखंड सौभाग्य पर कविता सुनाई, जबकि प्राचार्य डॉ. सरोज शुक्ला ने महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### प्रश्नोत्तरी में शिवानी रहीं पहले स्थान पर

कार्यक्रम में सभी आयु वर्ग और समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि शिवानी पंचोली और अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने भी अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं के लिए आयोजित प्रश्नोत्तरी में शिवानी पंचोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपने संबोधन में शिवानी पंचोली ने कहा कि छोटे से जिले में महिलाओं की ऐसी जागरूकता और उत्साह सराहनीय है। उन्होंने आयोजन समिति को उत्कृष्ट समन्वय और मेहनत के लिए बधाई दी। रति ब्यूटी पार्लर की संचालिका अंशू गुप्ता ने आयोजन समिति और दर्शकों को उपहार देकर सम्मानित किया।

### योग गुरु सुधा ने स्वस्थ्य जीवन का महत्व बताया

योग गुरु सुधा मालवीय ने स्वस्थ जीवन और आचरण पर विचार रखे। इसके साथ ही अर्पिता शुक्ला, किरण शुक्ला, सोनल सिन्हा, अलका जायसवाल, ज्योति सोनी, विद्या मिश्रा, अर्चना मिश्रा, गुंजन मिश्रा, ध्वनि दत्ता, बीना, अर्चना सिंह, हर्षिता दुबे, रीना अग्रवाल, माधुरी, मंजू मिश्रा, सुनीता नामदेव, अनुराधा चतुर्वेदी, पिंकी चतुर्वेदी, श्वेता नामदेव, गीत शिवहरे, जिया दत्ता, पूनम मिश्रा, शशि तिवारी सहित कई प्रतिभागियों ने नृत्य प्रस्तुत किए। पूनम पाण्डेय और किरण शुक्ला ने मंचीय नाटक पेश किया।

# निजी मार्ग पर शासन के राशि की बंदरबाट की गई

▶ **42 लाख की स्वीकृत के बावजूद मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य में लेटलतीफी**

**अनूपपुर,नवभारत 9 अगस्त।** नगर पालिका अमलाई बरगवां के अध्यक्ष पति और अध्यक्ष बने हैं स्वयंभू विकास कार्य एवं सड़क निर्माण को लेकर अपने निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की नियत से क्षेत्र की जनता को परेशान करने का एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया।

बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 3 हैवी केमिकल प्लांट सोडा कॉस्टिक यूनिट के सामने कंपनी की सड़क के ऊपर व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते सड़क निर्माण कार्य में कलेक्टर द्वारा हस्तक्षेप कराकर सड़क निर्माण की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। अब कंपनी प्रबंधन नगर परिषद और जिला प्रशासन के बीच क्या साठगांठ की गई इसका तो पता नहीं, लेकिन किसी की निजी भूमि पर शासन की राशि का दुरुपयोग करने का अधिकार इन्हें किसने दिया।

### नियमों को किया दरकिनार

इस समस्या का निदान होना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन लगभग 10 दिनों से पूर्व में संचालित मुख्य मार्ग जहां भारी वाहनों, विद्यालय के बस, कर्मचारियों के आवागमन के साथ स्थानीय जनों के आने-जाने या फिर कहे की आवागमन का मुख्य मार्ग है। नगर परिषद के द्वारा लगभग 300 मीटर सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति निजी व्यक्तियों को आर्थिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से 28 प्रतिशत कम टेंडर प्रक्रिया के साथ छेड़छाड़ करते हुए शासन के दिशा निर्देश नियम कायदे को ताक पर रखते हुए असंवैधानिक कार्य किया गया।

### मनमानी के सामने प्रशासनिक अमला नतमस्तक

यहां सड़क की आवश्यकता को देखते हुए त्वरित निर्माण कार्य होना चाहिए, किंतु उनके द्वारा लगभग 10 दिनों से सड़क में गड्ढे खोदकर स्थानीय लोगों के आने-जाने के मार्ग को बाधित किया गया। क्या कारण है कि नगर परिषद के अध्यक्ष और अध्यक्ष पति के इशारे पर सभी नियमों को शिथिल करते हुए अपने लोगों को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए एक परिवार के घर के सामने 50 मीटर सड़क और सड़क पर पांच खंबे गाड़ देना न्यायोचित है। अपने मन मुताबिक विकास कार्यों को संपादित करना क्या नियम विरुद्ध नहीं है। क्या इनकी मनमानी के सामने प्रशासनिक अमला भी नतमस्तक है?